सार-समाचार

सेवा पखवाड़ा व सदस्यता पर चर्चा की

जालोर, (कासं)। भाजपा नगर मंडल जालोर की बैठक रविवार को भाजपा कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में जालोर सिरोही सांचौर सांसद लुम्बाराम चौधरी का मुख्य आतिथ्य रहा। अध्यक्षता नगर मंडल अध्यक्ष सुरेश सोलंकी ने की। बैठक में बतौर अतिथि जिला महामंत्री व सदस्यता अभियान जिला संयोजक प्रकाश छाजेड़ जिला महामंत्री हरीश राणावत भाजयुमो जिलाध्यक्ष गजेंद्र सिसोदिया ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष ओबाराम देवासी उपस्थित थे। बैठक में सांसद लुबाराम चौधरी को राष्ट्रीय सुरक्षा समिति में सदस्य मनोनीत करने पर सभी कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत अभिनंदन कर बधाई शुभकामनाएं प्रेषित की। सांसद ने सभी का आभार धन्यवाद ज्ञापित किया। सांसद लुबाराम चौधरी ने सदस्यता अभियान को लेकर कार्यकर्ताओं से उनके द्वारा बनाए गए सदस्यों की जानकारी ली। साथ ही सभी पदाधिकारी जनप्रतिनिधि कार्यकर्ताओं को कहा कि हम सबको मिलकर इस सदस्यता अभियान में ज्यादा से ज्यादा सदस्य बनाने के लिए कार्य करना है। साथ ही देश की यशस्वी प्रधानमंत्री के जन्मोत्सव पर बनाए जा रहे सेवा पखवाडे के तहत अधिक से अधिक सेवा कार्य करने की अपील की। सदस्यता अभियान जिला संयोजक व जिला महामंत्री प्रकाश छाजेड ने बूथ अध्यक्षों से कितने-कितने सदस्य बनाएं जानकारी ली और प्रत्येक बूथ अध्यक्ष को अपने-अपने बूथ में कम से कम दो सौ - दो सौ सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया। नगर मंडल अध्यक्ष सुरेश सोलंकी ने सभी का आभार धन्यवाद ज्ञापित किया। बैठक में नगर महामंत्री दिनेश महावर रतन सुथार नगर उपाध्यक्ष अशोक गुर्जर रवि सोलंकी ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष दिलीप सोलंकी किसान मोर्चा जिला महामंत्री नाथू सिंह तीखी पूर्व नगर अध्यक्ष छगन दास रामावत प्रकाश नागर जिला प्रवक्ता मुकेश राजपुरोहित सहित कई जनप्रतिनिधि पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

शमसुद्दीन शाह के उर्स में भीड़ उमड़ी

जालोर, (कासं)। हजरत शहीदुल वली शमसुद्दीन शाह दरगाह शरीफ (पुराना जालोर जाबालीपुर) का सालाना उर्स रविवार को शानो शौकत के साथ मनाया गया। उर्स में जायरिनों की काफी भीड़ उमड़ी तथा शमसुद्दीन शाह की बारगाह में अकीदत के फूल पेश किये। दरगाह इंतजामिया कमेटी के सदर जहूर मोहम्मद लोहार ने बताया की गैबनशाह दरगाह से चादर लेकर जुलूस रवाना हुआ, जो पुराना जालोर जाबालीपुर शमसुद्दीन शाह की दरगाह पहुंचकर चादर की रस्म अदा की गई। उसके साथ ही उर चादर की रस्म के अदा की गई । उर्स में अल्लामा मौलाना इलाहकुल कादरी अपने नूरानी तकरीर पेश करते हुए कहा कि पीर वलियो की मजारों पर जाकर अकीदत के फूल पेश किया करे पीर वलियों का वास्ता मोहम्मद स.अ.व सल्लम के दर से जुड़ा हुआ है। जहां से आका की निस्बत से पूरी कायनात को सजाया गया। दरगाह शरीफ पर लोगों का दिन भर ताता लगा रहा लोगो ने मन्नते मांगकर अकीदत के फूल पेश किए । नातख्वा मौलाना कारी अलहाज अब्दुल सत्तार नक्शबंदी ,पाली नबी की शान में नाते पाक सुनाकर महफिल में चार चांद लगाएं। इंतजामिया कमेटी के सैक्रेटरी जाकिर अली अंसारी ने बताया कि उर्स मे मौलाना मुफ्ती मोहम्मद मारूफ, मौलाना रफीक आलम अशरफी, मौलाना नियाज अहमद सिद्दीकी, मौलाना वकार आजम, मौलाना सलीम मुस्तफाई, मौलाना सुल्तान सिद्दीकी, मौलाना गुलाम अली, मौलाना दाऊद नक्शबंदी ,मौलाना अरबाब अली, मौलाना इलियास अशरफी, मौलाना अब्दुल सत्तार नूरी ,मौलाना याकूब सिद्दीकी, मौलाना हाफिज फिरोज आलम ने भी कलामत,तकरीरे व एक से बडकर एक नाते पाक सुनाकर महफलि को शानदार बनाया। दरगाह कमेटी के खादिम ने गुसल की रस्म अदा की गई। गुसल अदा के साथ उर्स संपन्न हुआ।

सांसद ने खेल का महत्व बताया

रेवदर, (निसं)। मंडार के निकटवर्ती जालमपुरा में 68 वी खेल प्रतियोगिता का आयोजन रा. प्रा. वि. पुराना जालमपुरा में आयोजित हुई। उद्घाटन में मुख्य अतिथि जालौर सिरोही सांसद सांसद मुख्य अतिथि लुंबाराम चौधरी विशिष्ट अतिथि जिला प्रमुख अर्जुन राम पुरोहित पूर्व विधायक जगसी राम कोली, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष गणपत सिंह राङ्गौड जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि पप्पू सिंह देवडा, उप सरपंच सुजान सिंह देवडा वडवज अध्यक्षता पिओ सही राम विश्नोई संयोजक मनमथ राम संस्था प्रधान के निर्देशन में आयोजित हुआ वही सांसद लुंबाराम चोधरी ने छात्र छात्राओं को जिसमें कब्बडी छात्र वर्ग में 13 टीम 131 खिलाडी, छात्रा वर्ग में 5 टीम 53 खिलाडी, खो- खो छात्र 4 टीम 45 खिलाडी छात्रा वर्ग में 3 टीम 32 खिलाडीयो व अन्य दलों में विभिन्न खिलाडियों ने भाग लिया। कब्बडी छात्र वर्ग मेंयुपीएस जालमपुरा युपीस हिम्मतपुरा के बिच रहा जिसमें युपीएस जालमपुरा विजय हुआ मंच संचालन अध्यापक मगाराम ने किया वहीं अध्यापक चेनाराम रायपुर परबत सिंह भाटी कोलापुरा राजु नाथ देवी सिंह वडवज गंगा सिंह निम्बज नरीगाराम जालमपुरा मोहनलाल विश्नोई सहित रायपुर वह निम्बज पियो क्षेत्र के अध्यापक, महेद्र सिंह देवडा जालमपुरा खेमाजी चौधरी भाजपा पर्व मण्डल अध्यक्ष रमेश चंद चौधरी भावाराम चौधरी जीतू भाई चौधरी तोला चौधरी परखाराम चौधरी नवल सिंह देवडा दीपा चौधरी सहीत ग्राम वासी मौजूद रहे।

रेलवे ने चलाया सफाई अभियान

जोधपुर, (कासं) । उत्तर पश्चिम रेलवे जोधपुर मंडल पर स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत रविवार को बेस किचन, रेस्टोरेंट, फूड स्टॉल, पेंट्री कार आदि में सफाई का अभियान चलाया गया। जोधपुर रनिंग रूम में रसोई एवं मेस हाल की सफाई अभियान चलाया गया एवं गुणवत्ता पूर्ण खाना है या नहीं इसकी जांच की गई। मंडल रेल प्रबंधक पंकज कुमार सिंह ने बताया कि मंडल के खाद्य सुरक्षा अधिकारी एवं मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षकों व मुख्य वाणिज्य निरीक्षको द्वारा प्रमुख रेलवे स्टेशन जोधपुर, पाली मारवाड़, नागौर, नोखा, मेड़ता रोड, बाड़मेर और जैसलमेर स्टेशनों पर खाद्य स्टॉल ,पेंट्री कार ,फूड प्लाज़ा,अमूल पार्लर ,बेस किचन आदि में सूखे व गीले कचरे के डस्टबीन, किचन की सफाई ,फूड हैंडलर की पर्सनल हाइजीन ,वाश बेसिन फ्रिज, डीप फ्रीजर, डाइनिंग टेबल, फ्लोर की सफाई, एक्जॉस्ट फैन की सुनिश्चितता एवं बर्तनों की गहन सफाई करवाई गई। इस दौरान वेंडर एवं कार्यरत कर्मचारियों को पर्सनल हाइजीन रखने के बारे में मोटिवेट किया गया। पंपलेट, पोस्टर वितरण कर जागरूकता अभियान चलाया गया।

भाजपा रेवदर मंडल की बैठक हुई

रेवदर, (निसं)। भाजपा रेवदर मंडल ने आज सुबह 1॰बजे राजगढ गांव के हनुमानजी मंदिर में जिला प्रमुख अर्जुन पुरोहित की अध्यक्षता में सदस्यता अभियान कार्यक्रम को आगे बढाने के लिए अधिकतम सदस्यता संख्या दिवस के रूप में करोटी-लुणोल शक्ति केंद्र की बैठक रखी गयी। बैठक के पश्चात प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम 114वा एपिसोड सुना गया। इस दौरान पूर्व विधायक जगसीरामजी कोली, प्रधान प्रतिनिधि अर्जुन देवासी, उपप्रधान प्रतिनिधि आत्माराम वैष्णव, मंडल अध्यक्ष हरीशजी लोहार, पूर्व जिला महामंत्री जय सिंह राव, युवा मोर्चा जिला महामंत्री गणपतसिंहजी, मंडल महामंत्री अनिल वैष्णव, मीडिया प्रभारी तरुण अग्रवाल, सोशल मीडिया प्रभारी ईश्वर घांची, शक्ति केंद्र संयोजक अशोक माली,राजगढ बूथ अध्यक्ष महेंद्र घाँची,कैलाशजी जोशी, जितेंद जोशी सहित कई जने मौजूद रहे।

किडनी ट्रांसप्लांट की सेवाएं शुरू

जोधपुर, (कासं)। बासनी क्षेत्र में स्थित मेडिपल्स हास्पिटल को किडनी ट्रांसप्लांट जैसी अत्याधुनिक चिकित्सिकीय है सुविधा को उपलब्ध कराने की मान्यता मिल गई है। इस सुविधा के मिलने से पूरे पश्चिमी राजस्थान के मरीज सामान्य के साथ राज्य सरकार की मुख्यमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत भी इस सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। अस्पताल अधीक्षक डॉ बख्तावर सिंह सोढा ने बताया कि संस्थान में उपलब्ध सर्वश्रेष्ठ और अत्याधुनिक चिकित्सिकीय सुविधाओं के साथ अनुभवी विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता के चलते मिली यह मान्यता अस्पताल प्रबंधन की और से पूर्व में अपने मरीजों से किए गए श्रेष्ठ चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के वादे को पूरा करने की दिशा में एक और सशक्त कदम है।

स्टेट खेल कर आई बहनों का सम्मान

धोरीमन्ना, (निसं)। अनूपगढ़ में आयोजित राज्य स्तरीय कब्बड्डी प्रतियोगिता में उन्नीस वर्ष छात्रा वर्ग में अपना दमखम दिखाने वाली दो सगी बहनों का राउमावि पाबूबेरा में साफा बंधवाकर और स्मृति चिह्न देकर सम्मान किया गया। गीता बाडमेर जिले की टीम से खेली थी और पवनी बालोतरा की टीम से खेली थी। भीमथल पीईईओ खेताराम जाखड ने बताया कि गीता और पवनी ने कब्बड्डी में शानदार प्रदर्शन किया,इनके पिता सवाईराम किसान है। प्रधानाचार्य अचलाराम सेवदा ने कहा कि जब हम प्रतिभाओं को सम्मानित करेंगे तो अन्य विद्यार्थी भी उनसे प्रेरणा लेकर खेलों में आगे बढेगे। किसान नेता ताजाराम सियाग ने कहा कि हमारे क्षेत्र में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है।

भाजपाइयों ने प्रधानमंत्री के मन की बात का प्रसारण सुना

जालोर, (कासं)। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ व भाजपा महिला मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष रक्षा भंडारी के निर्देशानुसार रविवार को भाजपा महिला मोर्चा जालोर की जिलाध्यक्ष मंजू सोलंकी के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 114 वां एपीसोड व तीसरा कार्यकाल का चौथा संस्करण मन की बात कार्यक्रम महिला मोर्चा की बहन के निवास पर सुबह 11 बजे से 11.30 बजे तक पर देखा एवं सुना।

पीएम मोदी ने अपने उदबोधन में बताया कि मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने बारिश के मौसम में जल संरक्षण जरूरी व झांसी में महिलाओं ने जल संरक्षण में जीवन दिया। प्रधानमंत्री ने मन की बात में कई मुद्दो को लेकर अपनी बात रखी। इस कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष मंजू सोलंकी, जिला महामंत्री गायत्री गोड, जिला महामत्री चौधरी, नगर उपाध्यक्ष संतोष, प्रमिला ,कंचन, माया, गोमती, रेखा, कमला देवी , शोभा गहलोत आदि महिला मोर्चा की पदाधिकारी व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रही।

भाजपा प्रदेश नेतृत्व जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली के निर्देशानुसार भाजपा नगर मंडल जालोर द्वारा मन की बात का लाइव प्रसारण भाजपा जिला कार्यालय सहित सभी बूथों में किया गया। नगर महामंत्री व पार्षद दिनेश महाभारत बताया कि लाइव प्रसारण भाजपा जिला कार्यालय मेंसांसद लुंबाराम चौधरी के मुख्य आतिथ्य में किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर मंडल अध्यक्ष एडवोकेट सुरेश सोलंकी ने की। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला महामंत्री प्रकाश छाजेड, हरीश राणावत उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजयुमो जिलाध्यक्ष गजेंद्र सिंह सिसोदिया ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष ओबाराम देवासी किसान मोर्चा जिला महामंत्री नाथू सिंह तीखी मन की बात विधानसभा क्षेत्र संयोजक व ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष दिलीप सोलंकी उपस्थित थे।

मन की बात कार्यक्रम में सोशल मीडिया विभाग सहसंयोजक चंद्रकांत सुंदेशा, जिला प्रवक्ता मुकेश राजपुरोहित, पूर्व नगर अध्यक्ष छगन दास रामावत प्रकाश नागर, किसान मोर्चा नगर अध्यक्ष मंगलाराम सांखला नगर महामंत्री रतन सुथार, नगर उपाध्यक्ष अशोक गुर्जर, रवि सोलंकी, नगर मंत्री महेंद्र राठौड, हीराराम देवासी आईटी जिला सहसंयोजक अचल सिंह परिहार भाजयुमो जिला कोषाध्यक्ष हेमेंद्रसिंह बगेडिया राजू परिहार धनपत मुथा धर्मपुरी गोस्वामी भंवर सिंह पप्पू बंजारा धीरज सुंदेशा रमेश सोलंकी सहित कई पदाधिकारी जनप्रतिनिधि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

बालोतरा संवाददाता के अनुसार : मन की बात रेडियो कार्यक्रम में बूथ अध्यक्ष गीता अग्रवाल ने बताया कि भाजपा नगर अध्यक्ष सरिता पंचारिया के नेतृत्व में आज मोदी के मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण सुना।

इस अवसर पर महिला मोर्चा के उपाध्यक्ष आशा सोनी , बसंती अग्रवाल ,मनोहर मां , शोभा देवी, मुन्नी देवी अग्रवाल, संगीता देवी, पुष्पा देवी , आरती अग्रवाल उपस्थित रही।

गरबा में मोहता दूसरे स्थान पर

जैसलमेर, (नि.सं.)। राजीव रमैया गरबा ग्रुप द्वारा सिखाये जा रहे डांडिया गरबा क्लास का समापन समारोह धूम धाम से हुआ।

मिली जानकारी के अनुसार पिछले चार महीने से चल रही गरबा डांडिया की क्लास में सैकड़ों महिलाओं और लड़कियों ने गरबा डांडिया के सभी स्टेप सीखे। जिसमें विभिन्न तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गए। अपनी अपनी विभिन्न नृत्य कलाओं का प्रदर्शन किया गया। समापन के समय महिलाओं और लड़कियों को प्रशस्ती पत्र भी वितरण किए गए।

दीक्षिता, रानी, परी, हीर,साची सहित अनेक लड़कियों में क्लास में सेकण्ड दीक्षिता मोहता रही। नवरात्रि उत्सव से पूर्व ट्रेंड हो चुकी महिलाएं और लड़कियां आगामी दुर्गा पूजा नवरात्रिपर्व पर गरबा डांडिया में शामिल हो मां दुर्गा को प्रसन्न करेगी। सूरत में हुए इस आयोजन के अवसर पर लड़कियों के अभिभावक लीलादेवी मोहता, मंजूदेवी मोहता एवं प्रिया आदि उपस्थित रही।

विद्या मंदिर में मातृ शक्ति सम्मेलन आयोजित

रेवदर, (निसं)। रेवदर शहर के जीरावल मार्ग स्थित आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक रेवदर में मातृ शक्ति सम्मेलन रविवार को सम्पन्न हुआ।

सम्मेलन का शुभारंभ मुख्य अतिथि कोमल विश्नोई, अध्यक्षता अनिता मालवीय (प्रधानाचार्या - राजकीय विद्यालय देवका), मुख्य वक्ता मूलाराम पुरोहित (उपाध्यक्ष आदर्श शिक्षा सीमित सिरोही), समिति सदस्य राजुमल छिपा एवं प्रधानाचार्य प्रवीण रावल ने सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्रधानाचार्य रावल ने अतिथियों का स्वागत व परिचय करवाया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि कोमल विश्नोई ने कहा कि बालक के प्रति माता की जिम्मेदारी पिता से भी ज्यादा होती है। माता को बालक के प्रति जागरूक होना आवश्यक है। उन्होंने मां को बालक के साथ-साथ स्वयं का भी ध्यान रखने एवं बालक को स्वस्थ रखने के लिए संतुलित भोजन कराने की बात कहीं। बच्चों का भविष्य बनाने के लिए मोबाईल से दूर रखना चाहिए।

अध्यक्षा के रूप में उपस्थित अनिता मालवीय ने कहा कि आज महिला पुरुषों के बराबर कार्य कर रही है। बालक परिवार में माता-पिता से व्यवहार सीखता है। मां बालक की प्रथम गुरू तथा परिवार प्रथम पाठशाला होती है। वर्तमान में चिंता का विषय है कि बालक मोबाइल एवं टेलीविजन के ज्यादा नजदीक रहता है। बालकों को सच्ची एवं देशभक्ति की कहानियॉ सुनानी चाहिए। बच्चों के सामने नकारात्मक बातें नहीं करनी चाहिए।

साथ ही अभिभावक प्रतिनिधि संतोष बहिन नेकी विचार व्यक्त करते हुए बालक के प्रति मॉ की जिम्मेदारी व लालन पापन व घर के सकारात्मक वातावरण की पहल मे मातृ शक्ति की भूमिका पर विचार व्यक्त किये ।मुख्य वक्ता ने कहा कि मां की महिमा को कभी शब्दों में नही बांध सकते है। मॉ ही सृष्टी की सृजनहार एवं पालनहार हैं। बालक का बौद्धिक, शारीरिक एवं मानसिक विकास माता के द्वारा ही होता है। मातृशक्ति राष्ट्र का निर्माण करती है। उन्होंने कहा कि विवेकानन्द, श्री राम एवं श्रीकृष्ण को भी महान बनाने में उनकी माता का हाथ था। मां गुणों से सम्पन्न होगी तो बालक गुणों से भरपूर होगा। अंतिम में प्रधानाचार्य ने अपना उद्बोधन देते हुए कार्यक्रम में उपस्थित मातृ शक्ति को प्रश्न पूछकर सही उत्तर देने वाली माता बहिनों का अतिथियों से सम्मान करवाया। कार्यक्रम में मंच संचालन आचार्या हिना रावल ने किया। साथ ही विभिन्न गांव- जिरावल , रतनपुरा खेडा , बासन , करेली व आवाडा में भी विद्या मंदिर टोली द्वारा पोषक ग्राम मातृ सम्मेलन सम्पन्न करवाए। कार्यक्रम को सफल बनाने में मातृ शक्ति के साथ-साथ विद्या मंदिर के आचार्य आचार्यों का सहयोग रहा।

समाज के लिए हमेशा तत्पर रहूंगा : सदर अयूब शेख

जालोर, (कासं)। जालोर शहर के लाल पोल के अन्दर मदिना कॉलोनी में शनिवार रात्रि में मुस्लिम समाज की आम बैठक आयोजित की गई। जिसमें सर्व सम्मति से अयूब शेख को कोम का सदर नियुक्त किया।

बैठक में विचार विमर्श कर सर्वसम्मति से निर्णय लिए की मदिना कॉलोनी में रहने वाले मुसलमानों के विकास और बच्चों की दीनी तालीम की विकास के लिए फण्ड तैयार कर गरीब बच्चों की शिक्षा की व्यवस्था के लिए भामाशाह तैयार कर मुसलमानों के गिरते हुए स्तर को ऊँचा उठाने के लिए हर सम्भव प्रयास किया जायेगा तथा मदरसे में बच्चों की संख्या में इजाफा करने और मदरसे में तीन से पांच बजे तक बच्चों दीनी तालिम दी जाएगी। बच्चों का दीनी तालीमां से सम्बन्धित समस्त प्रकार की किताबों, सहित अन्य व्यवस्था को लेकर कमेटी ने विचार विमर्श किया गया।

इसके बाद मदीना कॉलोनी विकास संस्थान की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया। जिसमें सर्व सम्मति से पूर्व पार्षद अयूब शैखा को सदर मनोनित किया गया। उपाध्यक्ष पद पर आबाद अली, सलीम खां, इकबाल खान पठान, कोषाध्यक्ष पद पर मोहम्मद आरिफ, सह कोषाध्यक्ष जावेद खान पठान, सचिव के लिए जबरू पठान, संगठन मंत्री अब्दुल खान, महामंत्री कासिम खान, प्रचार मंत्री सलीमखां नियारगर, प्रवक्ता अरमान खान, सह प्रवक्ता साबिर खान सिपाही, संरक्षक पद पर मोहम्मद हुसैन, अयूब खान सिलावट तथा सदस्य पद के लिए शाहबाजखां, शाहरुख खां, रमीज सिलावट, अमन, अमजदखां, अनवर खां सहित अन्य लोगों को सदस्य बनाया गया।

सदर नियुक्त होने के बाद पुर्व पार्षद अयूब शेख ने मदिना कोलानी के निवास करने वालो लोगों सें एकजूटता व शिक्षा के साथ दीनी तालिम पर जोर देते हुए बच्चों को मदरसे में भेजने का आव्हान किया तथा मौहल्ले के विकास के लिए एकजूट होकर कार्य करने की बात कही

साथ ही कहा आने वाले समय समाज के विकास के लिए शिक्षा का होना जरुरी है। साथ बालिका शिक्षा पर भी जोर दिया।

शेख ने बताया कि संगठन को मजबूत करने के लिए एकजुट होकर कार्य करने की हिदायत दी।

सदस्यता कार्य की सराहना की

जैसलमेर, (नि.सं.)। भाजपा सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक में जिला प्रभारी जगतनारायण जोशी ने कहा की जैसलमेर जिले के सभी कार्यकर्ताओं की मेहनत व जिला संगठन के कुशल नेतृत्व का ही परिणाम है कि अब तक के आकड़ो में प्रदेश में जैसलमेर जिला सबसे आगे है और अंतिम समय तक आगे ही रखना है।

जोशी ने कहा कि भाजपा का यह सदस्यता अभियान हर छहसाल बाद आता है जिसमे नवीनीकरण के साथ नये सदस्य भी जोड़े जाते है, अत: इसे एक उत्सव के रूप में देखना है। भाजपा एक परिवार है जिसमे कोई जातपात का भेदभाव नहीं है। हमारे देश मे पहले मुगलों का राज , फिर अंग्रेजों का व आजादी के बाद कांग्रेस का रहा व फूट डालो तथा राज करो नीति पर काम किया, लेकिन देश की कमान जब से नरेंद्र मोदी ने संभाली है तब से जातिवाद के बढ़ावे को कम किया।

बैठक को जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश सारदा, विधायक छोटूसिंह भाटी, व सभापति हरिवल्लभ कल्ला ने संबोधित किया। अभियान के जिला संयोजक सवाईसिंह गोगली द्वारा अभियान की रिपोर्ट पेश की गई। बैठक में जिला प्रमुख प्रतापसिंह सोलंकी, पूर्व प्रधान मूलाराम चौधरी, हिम्मताराम चौधरी, गेमरसिंह, महेंद्र तंवर, अरुण पुरोहित, ओम इनखिया, बाबूलाल शर्मा, सुशील व्यास, समता व्यास, मनोरमा वैष्णव, उदयसिंह भाटी,अजय राहड़, देवीसिंह चौहान, पार्षद गण व प्रकोष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

डॉक्टरों को फैलोशिप प्रदान की

जोधपुर, (कासं) । इंडियन एसोसिएशन ऑफ क्लिनिकल मेडिसन की राष्ट्रीय कांफ्रेंस में जोधपुर के वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. गौतम भंडारी, डॉ. पुनित नाग और डॉ. किशनगोपाल बारूपाल को प्रतिष्ठित आएसीएम की फैलोशिप प्रदान की गई।

यह कांफ्रेंस 27 से 29 सितंबर तक उदयपुर में आयोजित की गई। इसमें देशभर से करीब एक हजार फिजिशियंस ने भाग लिया।

इस फेलोशिप के बाद सोशल मीडिया मरीजों व शुभचिंतकों द्वारा चिकित्सकों को बधाई देने का दौर शुरू हो गया।

इस कांफ्रेंस में डॉ. एसएन मेडिकल कॉलेज के गेस्ट्रोएन्ट्रोलोजी के वरिष्ठ प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डॉ. सुनील दाधीच ने आंतो की जटिल बीमारियों के निदान एव उपचार पर विस्तृत चर्चा की।

वरिष्ठ फिजिशियन डॉ गौतम भंडारी ने मैनेजमेंट ऑफ एल्कोहाल यूज डिसआर्डर पर गेस्ट लेक्चर दिया। जिसमें शराब की लत छुड़वाने के लिए उपयोग में लेने वाली दवाईयों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

पाली में 17 व 19 वर्षीय छात्र वर्ग राज्य बास्केटबॉल प्रतियोगिता शुरू

पाली, (नि.सं.)। पाली शहर के पीएमश्री श्री बांगड़ राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में रविवार को 68वीं राज्य स्तरीय 17 व 19 वर्षीय छात्र वर्ग बास्केटबॉल प्रतियोगिता का सांस्कृतिक कार्यक्रम सेआगाज हुआ।

प्रधानाचार्य एवं प्रतियोगिता संयोजक बसंत परिहार ने बताया कि प्रतियोगिता मे कुल 102 टीमों के 1165 खिलाडी हिस्सा ले रहे है। जिनमें 17 वर्ष मे 51 टीमें तथा 588 खिलाड़ी एवं 19 वर्ष मे 51 टीमें तथा 577 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम मे पाली विधायक भीमराज भाटी ने कहा कि खेल को हमेशा खेल भावना से खेलना चाहिए, जिससे कि शरीर चुस्त और निरोगी बना रहे। उन्होने कहा कि किसी भी खेल मे हारजीत नही होती खेल मे खिलाडी या तो जीतता है या सीखता है। ऐसे मे अपना स्वाभाविक खेल खेले और सभी का नाम रोशन करे। सोजत विधायक श्रीमती शोभा चौहान ने कहा कि आज के युग मे संस्कारित खेल की भावना की जरूरत है। जिससे की आपसी सौहार्द बढता है। यदि आप अपना खेल निरन्तर रूप से जारी रखते है तो सफलता निष्चित रूप से आपके कदम चूमेगी। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर मे ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। नियमित अध्ययन से खेलों को भी जीवन में महत्व देना जरूरी है।

राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के मौके पर छात्राओ ने हिन्दी व राजस्थानी फिल्मो की मधुर धुनो पर मनमोहक नृत्य कर दर्षको की जमकर तालिया बटोरी। उन्होने रूण झूण बाजे घूंघरा, राठौडा ने खम्मा घणी, मारवाड रो तुसो बाजे, फिर भी दिल है हिन्दुस्तानी, सुनो गोर से दुनिया वालो, देश रंगीला रंगीला पर नृत्य कर सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम को डिस्ट्रिक्ट क्लब के सचिव राजेंद्र सुराणा, अध्यक्षता मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी चंद्र प्रकाश जायसवाल, निदेशालय बीकानेर से नियुक्त पर्यवेक्षक देवेन्द्र डाबी, जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय माध्यमिक राहुल राजपुरोहित,मदन सिंह जागरवाल, मगराज जैन, वर्धमान भंडारी, मदन सिंह जागरवाल, मूलचंद संकलेचा, कमलेश जैन, महावीर कटारिया, यशपाल सिंह कुम्पावत, जिला खेल अधिकारी लहरीदास वैष्णव,एडीईओ प्रवीण जांगिड एवं रामलाल कुमावत आदि ने भी संबोधित किया। सूरज शिक्षण संस्थान, वंदे मातरम उच्च माध्यमिक एवं मधुरम उच्च माध्यमिक विधालय का भामाशाह के रूप मे प्रमुख सहयोग रहा। अंत मे कवि सत्यनारायण सिंह राजपुरोहित ने राज्य खेल हे बांगड मे शीर्षक से कविता सुनाकर सबको गदगद कर दिया। संचालन हितेश रामावत ने किया।

कंट्रोल रूम कक्ष के दिलीप कुमार, रतनलाल बारूपाल एवं कन्हैयालाल चौहान ने बताया के 17 वर्ष मे गंगानगर ने दौसा को 50 -18, सत्र पर्यंत सीकर ने सत्र पर्यन्त उदयपुर को 50 -12 झालावाड ने गंगापुर सिटी को 17 -8,बाडमेर ने हनुमानगढ को 38-15, जैसलमेर एकेडमी ने दूदू को ,सीकर ने सलूम्बर को 53-4, जयपुर ठामीण ने बांसवाडा ने 40-9,नीम का थाना ने टोंक को 38-8 तथा भीलवाडा ने अलवर को 40-22 से पराजित किया। इसी तरह 19 वर्ष मे बास्केटबाल होसटल सीकर ने केकडी को 52-8, बांरा ने नागौर को 52-29,सीकर ने सलूम्बर को 39-0 , सत्र पर्यंत सीकर ने खेरथल को 42-5 हनुमानगढ ने नीम का थाना37-24 , जैसलमेर ने टोंक को 29 -11,श्रीगंगानगर ने जालोर को 48 -07,डीडवाना कुचामन ने चितौडगढ को 38-33 एवं शाहपुरा ने फलोदी को 53 -4 से पराजित किया।

सार-समाचार

अधिवक्ताओं के मृत्यु दावों का निस्तारण

जोधपुर, (कासं)। राजस्थान अधिवक्ता कल्याण कोष की न्यासी समिति की बैठक रविवार को बार कौंसिल ऑफ राजस्थान के-कार्यालय, जोधपुर में भुवनेश शर्मा (जरिये वीडियो कॉन्फेंसिंग) की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। अधिवक्ता कल्याण कोष की न्यासी समिति के बैठक में तीन अधिवक्ताओं के मृत्यु दावों का निस्तारण कर आश्रितों को पन्द्रह लाख रूपए (15,00,000/-), बीमारी दावों में 87 अधिवक्ताओं को उनसाठ लाख चालीस हजार रूपए (59,40,000/-) एवं सेवानिवृत्ति दावों में 1 अधिवक्ता को सात लाख सत्ताईस हजार पांच सौ रूपए (7,27,500/) के भुगतान की स्वीकृति प्रदान की। इस प्रकार न्यासी समिति ने कुल 91 दावों का निस्तारण कर कुल इक्यासी लाख सडसठ हजार पांच सौ रूपए (81,67,500/-) राशि की स्वीकृति प्रदान की। बैठक में न्यासी समिति के सदस्य डॉ. सचिन आचार्य (जरिये वीडियो कॉन्फेंसिंग) एवं योगेन्द्र सिंह शक्तावत तथा विशेष आमंत्रित जगमाल सिंह चैधरी, सैयद साहिद हसन, नवरंग सिंह चैधरी एवं घनश्याम सिंह राठौड भी बैठक में उपस्थित रहे। बार कौंसिल ऑफ इंडिया सर्टिफिकेट एंड प्लेस ऑफ प्रेक्टिस (वेरिफिकेशन) नियम, 2015 की प्रशासनिक समिति-प्रथम की बैठक सैयद साहिद हसन की संयोजकता में संपन्न हुई। समिति द्वारा करीब 912 अधिवक्ताओं का नवीनीकरण किया गया। नवीनीकरण समिति के सदस्य सुशील कुमार शर्मा भी बैठक में उपस्थित थे।

जीनगर समाज की प्रतिभाओं का सम्मान

जालोर, (कासं)। जालोर के सिरे मंदिर रोड स्थित जीनगर समाज के छात्रावास में रविवार को जीनगर समाज का प्रथम प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कपासन के विधायक अर्जुनराम जीनगर मौजूद रहें। कार्यक्रम में प्रदेश भर से जीनगर समाज के कई प्रबुद्वजन लोग उपस्थित रहे। समरोह को सम्बोधित करते हुए अर्जुनराम जीनगर ने कहा कि प्रतिभा सम्मान समारोह से समाज की प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। तथा उन्हे मोटिवेशन मिलने से वे और दुगनी मेहनत कर अपने लक्ष्य को प्राप्त करते है। उन्होने समाज के लोगो से आव्हान किया कि वे अपने बच्चो को अधिकाधिक शिक्षित करे। वही खासकर बालिका शिक्षा पर जोर देने की बात कही। जीनगर समाज जालोर के अध्यक्ष्प पिन्टू जीनगर ने उपस्थित अतिथियों का सम्मान करने के साथ बाहर से आये समाज बंधुओं का आभार जताया। समारोह में समाज की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने व नौकरी प्राप्त करने सहित उत्कृष्ठ कार्य करने व समाजसेवा में अग्रणी भूमिका निभाने वालो का भी सम्मान किया गया। समारोह में समाज की प्रतिभाएं का प्रशस्ति पत्र व पुरस्कार प्रदान कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में जालोर सहित अन्य जिलो से भी काफी संख्या में समाज बंधुओं ने भाग लिया।

लता मंगेशकर का जन्म दिन मनाया

जैसलमेर, (नि.सं.)। आदर्श कला मंच के नेतृत्व में लता के नाम पर मिक्स म्यूजिकल नाइट का आयोजन किया गया। उपाध्यक्ष गोविंद भाटिया ने बताया कि सर्वप्रथम लता की तस्वीर पर संस्था के सदस्यों एवं अतिथि सिकंदर खान पार्षद, संयोजक शौकत अली भाटी मंजू वासु,नवरंग खान द्वारा दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना प्रसुति से नवीन आचार्य, भंवरलाल गर्ग, हेमंत शर्मा द्वारा की गई । अध्यक्ष भंवरलाल गर्ग ने बताया कि भोप